## खबर संक्षेप




### उड़नदस्ते का अधिकारी आईआईटी में सम्मानित

**चंडीगढ़।** आईटीएस फोरम इंडिया ने उड़नदस्ता अधिकारी,परिवहन विभाग हरियाणा को आईआईटी हैदराबाद ने सम्मानित किया है। जानकारी अनुसार हरियाणा परिवहन विभाग उड़नदस्ते में कामकाज संभाल रहे विकास नरवाल को आईआईटी हैदराबाद में सम्मानित किया गया।

### बदलते वक्त की चुनौतियों के लिए तैयार रहें उद्यमी



**चंडीगढ़।** यंग इंडिया और सीआईआई द्वारा गुरुग्राम में आयोजित संवाद श्रृंखला में पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने युवाओं, स्टार्टअप फाउंडर्स और उद्योग जगत से जुड़े प्रतिभागियों को संबोधित किया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के कई उद्यमी और संस्थापक बड़ी संख्या में मौजूद रहे। दुष्यंत चौटाला ने हरियाणा की औद्योगिक नीति, निरंतर विकास, किसानों और उद्योग के आपसी संबंध, श्रम सुधार, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की बढ़ती भूमिका, जलवायु परिवर्तन और वायु प्रदूषण जैसी चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि बदलते समय के साथ उद्योगों को नई नीतियों, तकनीक और पर्यावरणीय जरूरतों के अनुसार आगे बढ़ना होगा।

### बढ़ते वायु प्रदूषण पर जताई चिंता

**गुरुग्राम।** बाल दिवस के मौके पर जिला प्रशासन, गुरुग्राम और राहगीरी फाउंडेशन ने संयुक्त रूप से हमारी हवा, हमारी जिंदगी कार्यक्रम का आयोजन किया। म्यूजियो कैमरा सेंटर फॉर द फ़ोटोग्राफिक आर्ट्स में आयोजित इस महत्वपूर्ण पैनल चर्चा का उद्देश्य शहर के बच्चों की आवाज़ को बुलंद करना और बढ़ते वायु प्रदूषण संकट पर प्रशासन का ध्यान आकर्षित करना था। कार्यक्रम में पाँच बाल पैनलिस्टों के साथ वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी और चिकित्सा विशेषज्ञ शामिल हुए।

राज्यपाल ने शंखनाद की ध्वनि के बीच अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव-2025 का शुभारंभ किया

# भागवत गीता का संदेश युगों युगों तक याद रखा जाएगा

**25 को पीएम मोदी होंगे शामिल, मध्य प्रदेश स्टेट पार्टनर महोत्सव को लेकर कड़े सुरक्षा प्रबंध**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

राज्यपाल प्रोफेसर असीम कुमार घोष ने शंखनाद की ध्वनि के बीच कुरुक्षेत्र में सरस और शिल्प मेले के उद्घाटन किया और इसके साथ ही अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव-2025 का भव्य शुभारंभ हुआ। राज्यपाल प्रोफेसर असीम कुमार घोष ने शनिवार को ब्रहमसरोवर के पावन तट पर गीता महोत्सव-2025 में दीपशिखा प्रज्जवलित करके परंपरा अनुसार सरस और शिल्प मेले का शुभारंभ किया और श्रीमदभगवद गीता की प्रति पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धा को व्यक्त किया। राज्यपाल प्रोफेसर असीम कुमार घोष ने कहा कि आज अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव के शुभारंभ का ऐतिहासिक अवसर है। हजारों साल पहले कुरुक्षेत्र की भूमि पर भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को गीता का ज्ञान दिया था। यह गीता ज्ञान उस वक्त जितना उपयोगी था, आज भी उतना ही उपयोगी है।

कुरुक्षेत्र भी उस वक्त जितना उपयोगी था, आज भी उतना ही उपयोगी है। गीता का यह संदेश युगों-युगों तक याद रखा जाएगा। राज्यपाल ने कहा कि गीता महोत्सव न केवल कुरुक्षेत्र की भूमि पर बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर भी मनाया जा रहा है। इस बार अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में पार्टनर स्टेट मध्य प्रदेश होगा।

### अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव को संस्थाओं के सहयोग से बनाया जाएगा भव्य व दिव्य : मुख्यमंत्री

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव को शहर की धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से भव्य और दिव्य बनाया जाएगा।



■ मुख्यमंत्री ने संस्थाओं से किया संवाद

इस महोत्सव के हर लम्हें को विश्व के कोने-कोने तक पहुंचाने में संस्थाओं का योगदान अहम रहेगा। 25 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी वर्ष और अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2025 में पहुंच रहे है। इन दोनों बड़े कार्यक्रमों में हजारों की संख्या में लोग पहुंचेंगे। इस लिए सरकार और प्रशासन की तरफ से व्यापक प्रबंध किए जा रहे है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शुक्रवार को देर सायं हरियाणा कला परिषद के भरतमुनि रंगशाला के सभागार में शहर की 50 से ज्यादा धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं की प्रतिनिधियों की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शहर की समाजसेवी और धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों से सीधा संवाद किया। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के कार्यक्रमों पर प्रकाश डालते हुए हर संस्था को अपना योगदान देकर महोत्सव को सफल बनाने के लिए कहा। इस दौरान जाट महासभा, शिव शक्ति सेवा मंडल सहित अन्य संगठन मौजूद रहे।

### 21 दिन तक चलेगा महोत्सव

महोत्सव 15 नवंबर से 5 दिसंबर तक चलेगा। 21 दिन तक चलने वाले इस गीता महोत्सव में 25 नवंबर को पीएम मोदी शामिल हो सकते हैं। गीता महोत्सव में हरियाणा की संस्कृति, ज्ञान और आध्यात्मिकता का संगम देखने को मिलेगा। महाभारत काल में युद्ध के दौरान भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को गीता का उपदेश दिया था. माना जा रहा है कि इसे 5,163 वर्ष पूरे हो रहे हैं। इसी उपलक्ष्य में 15 नवंबर से कुरुक्षेत्र में 10वें अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जो 5 दिसंबर तक चलेगा

### सरकार दादा बाढ़देव द्वारा दिखाए गए मार्ग पर निरंतर अग्रसर : नायब




हिसार। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दादा बाढ़देव पूनिया के जन्मोत्सव व मुख्यमंत्री सम्मान समारोह पर आयोजित कार्यक्रम में घोषणा करते हुए कहा कि खरक पुनिया गांव के वर्तमान स्कूल को 'संस्कृति मॉडल स्कूल' के रूप में अपग्रेड किया जायेगा ताकि गांव के ही स्कूल में बच्चों को उच्च कोटि की शिक्षा उपलब्ध हो सके। इसके अतिरिक्त, मुख्यमंत्री ने खरक पुनिया में एक सामुदायिक केंद्र का निर्माण करवाने के साथ-साथ यहां पर एक पुस्तकालय खोलने की भी घोषणा की। इस अवसर पर उन्होंने दो पुस्तकों का भी विमोचन किया मुख्यमंत्री रविवार को हिसार जिलेके खरक पूनिया गांव में अखिल हरियाणा सर्वजातीय पूनिया समाज द्वारा दादा बाढ़देव पूनिया के जन्मोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए।

## आयुष विभाग में दवा प्रबंधन के लिए ड्रग इन्वेंटरी मैनेजमेंट सिस्टम शुरू

**चंडीगढ़।** स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि आयुष विभाग में दवा प्रबंधन प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी व जवाबदेह बनाने के लिए ड्रग इन्वेंटरी मैनेजमेंट सिस्टम प्रारंभ किया गया है। इस सिस्टम के माध्यम से दवाओं की उपलब्धता, स्टॉक स्थिति, वितरण और उपयोग संबंधी सभी रिकॉर्ड ऑनलाइन उपलब्ध होंगे, जिससे प्रबंधन सरल, आधुनिक और त्रुटिरहित बनेगा। यह कदम आयुष सेवाओं की गुणवत्ता को नई ऊंचाई देगा। हरियाणा सरकार राज्य में आयुष सेवाओं को अधिक सशक्त, पारदर्शी, व्यवस्थित और जनहितकारी बनाने के लिए बड़े और ठोस कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के दूरदर्शी नेतृत्व में आज आयुष क्षेत्र में व्यापक सुधार और आधुनिकीकरण किया जा रहा है, ताकि नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण, सुलभ और विश्वसनीय उपचार उपलब्ध हो सके।

### मरीजों के लिए वितरण प्रणाली को मजबूत किया

स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि निदेशालय आयुष, हरियाणा द्वारा राज्यभर के सभी आयुष स्वास्थ्य



संस्थानों में दवाओं की आपूर्ति को पूर्णतया सुचारू और व्यवस्थित रखने के लिए निरंतर निगरानी की जा रही है। किसी भी संस्थान में दवाओं की कमी न हो—इसके लिए वितरण प्रणाली को मजबूत किया गया है। आरती सिंह राव ने बताया कि पूरे हरियाणा की योगशालाओं के सुचारू संचालन के लिए सभी पंचायती राज संस्थाओं को विस्तृत दिशा-निर्देशों सहित पत्र जारी किए हैं।

## एचसीएमएस एसो. की बैठक में मंथन

चंडीगढ़। हरियाणा सिविल मेडिकल एसोसिएशन ने शनिवार को वीसी के जरिये प्रदेश के डाक्टरों की बैठक की। इसमें राज्य कार्यकारिणी और सभी जिलों के अध्यक्षों सहित एक्शन कमेटी ने हिस्सा लिया। बैठक में एक बार फिर एसएमओ की सीधी भर्ती रोकने और संशोधित एसीपी संरचना (जिसे गत वर्ष मुख्यमंत्री द्वारा अनुमोदित किया गया था) की अधिसूचना जारी न होने के मुद्दों पर आगे की रणनीति पर चर्चा करना था। बैठक में यह सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि एक्शन कमेटी मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री से आगामी सप्ताह में बैठक आयोजित करने का अनुरोध करेगी। लंबित मुद्दों का समाधान आपसी सहमति से किया जा सके।

### 25 को फिर से होगी कलम छोड़ हड़ताल

एसोसिएशन की ओर से फैसला लिया गया है कि 25 को सुबह 9 से 11 बजे तक दो घंटे की पेन-डाउन हड़ताल की जाएगी। इसके बाद भी मामले का समाधान नहीं होता है, तो कमेटी 30 नवंबर को पुनः बैठक करेगी और उसके पास सभी प्रकार की स्वास्थ्य सेवाओं, आपातकालीन सेवाओं और पोस्टमार्टम जैसी सेवाएं पूरी तरह बंद कर सकते है।

पुलिस के निवेदन पर अदालतों को निर्देश

## साइबर ठगी के पीड़ितों को अब लोक अदालत से तुरंत मिलेगा रुका पैसा

**पंचकूला।** हरियाणा पुलिस ने राज्य में साइबर ठगी के शिकार हुए नागरिकों को तत्काल और आसान न्याय सुनिश्चित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल की है। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) ओ पी सिंह के नेतृत्व में प्रदेश पुलिस ने कानूनी सेवा प्राधिकरणों के साथ मिलकर एक नई व्यवस्था लागू करवाई है, जिसके तहत ठगी की गई और बैंक खातों में 'ब्लॉक' की गई राशि अब बिना किसी लंबी कानूनी प्रक्रिया या वकील की आवश्यकता के, सीधे लोक अदालत के माध्यम से पीड़ितों को वापस दिलाई जाएगी। उक्त व्यवस्था विशेष रूप से उन मामलों के लिए लागू की गई है, जहां ठगी के तुरंत बाद शिकायत दर्ज कराकर ठगों के खाते में पैसा ब्लॉक करवा दिया गया है, लेकिन पुलिस द्वारा अभी तक एफआईआर दर्ज नहीं हुई है।

### पीड़ितों को बड़ी राहत

हरियाणा पुलिस के महानिदेशक ओ पी सिंह ने कहा कि साइबर अपराधों में सबसे बड़ी समस्या यही सामने आती थी कि पीड़ित का पैसा ब्लॉक होने के बावजूद, उसे वापस पाने के लिए उसे कोर्ट-कचहरी के चक्कर काटने पड़ते थे। हरियाणा पुलिस ने इस मानवीय पहलू को समझते यह निवेदन भेजा था।

हाईकोर्ट पहुंचा मामला

## फिल्म 120 बहादुर की प्रमाणन प्रक्रिया और प्रस्तावित रिलीज को चुनौती

**चंडीगढ़।** फीचर फिल्म 120 बहादुर की प्रमाणन प्रक्रिया और प्रस्तावित रिलीज़ को चुनौती देते हुए पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि फिल्म 18 नवंबर 1962 को चीन-भारत युद्ध के दौरान लड़ी गई रेजांग ला की ऐतिहासिक लड़ाई के सत्य को विकृत रूप में पेश करती है।याचिका के अनुसार लद्दाख के चुशूल सेक्टर में 18,000 फीट की ऊंचाई पर लड़ी गई इस लड़ाई में 13 कुमाऊं रेजिमेंट की 'सी कंपनी' के 120 सैनिकों में से 114 ने सर्वोच्च बलिदान दिया था। याचिकाकर्ताओं ने रक्षा मंत्रालय के 1992 के आधिकारिक रिकार्ड का हवाला देते हुए कहा है कि यह युद्ध सामूहिक वीरता का अद्वितीय उदाहरण माना जाता है।

### रेवाड़ी के अमर शहीद

याचिका में यह भी उल्लेख किया गया है कि कंपनी के अधिकांश सैनिक हरियाणा के रेवाड़ी क्षेत्र के अहीर समुदाय से थे। याचिका संयुक्त अहीर रेजिमेंट मोर्चा और अन्य याचिकाकर्ताओं द्वारा दायर की गई है, जिसमें अदालत से हस्तक्षेप की मांग करते हुए कहा गया है कि यह मामला "सामूहिक सम्मान, ऐतिहासिक सत्य और रेजिमेंट की गरिमा" के संरक्षण से जुड़ा है।

70% से अधिक दिव्यांगता वालों को ही पात्र मानने को हाईकोर्ट ने माना भेदभावपूर्ण

## हाईकोर्ट का बड़ा फैसला : हरियाणा में अब 40 प्रतिशत दिव्यांगता वाले कर्मचारी भी होंगे सेवा विस्तार के पात्र

**चंडीगढ़।** पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने राज्य सरकार के नियमों को चुनौती देने वाली 134 याचिकाओं सुनवाई करते हुए दिव्यांग कर्मचारियों के पक्ष में महत्वपूर्ण फैसला दिया है। अदालत ने माना कि सिर्फ 70 प्रतिशत या उससे अधिक विकलांगता और नेत्र दिव्यांगता वालों को ही 2 वर्ष का सेवा विस्तार देना भेदभावपूर्ण है। कोर्ट ने आदेश दिया है कि अब 40 प्रतिशत तक की दिव्यांगता वालों को भी इस लाभ का पात्र माना जाएगा। जोरा सिंह व अन्य ने याचिका दाखिल करते हुए बताया कि हरियाणा में सरकारी कर्मचारियों की रिटायरमेंट आयु 58 वर्ष है। दिव्यांग कर्मियों को सरकार ने 2 साल का सेवा विस्तार देने का निर्णय लिया लेकिन इसे केवल 70 प्रतिशत दिव्यांग कर्मियों व नेत्र दिव्यांगों तक ही सीमित कर दिया। याचिकाकर्ताओं की दलील थी कि ऐसा करना दिव्यांग कर्मियों में भेदभाव करना है और इस नियम को खारिज किया जाए।

### खंडपीठ ने सुनाया फैसला

जस्टिस अश्विनी कुमार मिश्र और जसिटस रोहित कपूर की खंडपीठ ने याचिकाओं पर फैसला सुनाते हुए कहा कि राइट ऑफ पर्सन विद डिसएबिलिटी एक्ट 2016 के तहत



40 प्रतिशत या उससे अधिक की दिव्यांगता वाले सभी कर्मचारी एक समान वर्ग में आते हैं और राज्य उनके बीच अलग-अलग श्रेणियां बनाकर लाभ सीमित नहीं कर सकता। इनमें उप-वर्ग बनाना संविधान के खिलाफ। कोर्ट ने कहा कि सरकार द्वारा पीजीआई रोहतक से दोबारा मेडिकल बोर्ड बनाकर जांच कराने की अनिवार्यता भी नहीं थोप सकता, क्योंकि कर्मचारियों के पास पहले से ही मान्य दिव्यांगता प्रमाणपत्र है। हाईकोर्ट ने भूपिंदर सिंह बनाम पंजाब सरकार मामले और हाल ही में सुप्रीम कोर्ट के कश्मीरी लाल शर्मा फैसले का उल्लेख किया, और मामलों में फैसला सुनाया।

## कांग्रेस को देश की जनता के मुद्दों से कोई लेना-देना नहीं : बड़ौली

**चंडीगढ़।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि बिहार की जनता ने प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों पर भरोसा किया है। बिहार के लोगों ने लोकतंत्र पर्व में शामिल होकर अपने मत का प्रयोग किया और पीएम मोदी के विकास के मॉडल पर मुहर लगाकर अपनी सरकार चुनी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को जनता के मुद्दों से कोई लेना-देना नहीं, कांग्रेस जनता पर



अपनी बातें थोपती है, यही कारण है कांग्रेस अपना जनाधार खो चुकी है। ये बातें शनिवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने पंचकूला स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय पंचकमल में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही।

## नशे के काले कारोबार को नहीं रोक पा रही सरकार : दीपेंद्र हुड्डा

**चंडीगढ़।** सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि हरियाणा की बीजेपी सरकार न तो अपराध रोक पा रही है न नशे के काले कारोबार पर लगाम लगा पा रही है। कानून व्यवस्था चौपट होने के चलते नशा तस्करों की पहली प्राथमिकता हरियाणा है जहां उन्हें कोई भय नहीं है और वो निर्भीक होकर अपना धंधा चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बढ़ती नशाखोरी का सीधा संबंध रिकार्ड बेरोजगारी के चलते युवाओं में उपजी हताशा व निराशा से है। रिकार्ड बेरोजगारी से हताश युवा आज नशे की ओवरडोज से जान गंवा रहे हैं। कांग्रेस सरकार के समय जो युवा खिलाड़ी बनते थे अब बीजेपी राज में नशेड़ी बन रहे हैं। प्रदेश में घर-घर नशा पहुंच गया है, जगह-जगह खुलेआम 'मौत का सामान' बिक रहा है। गांवों में नशे का धंधा तेजी से फैल रहा है।

## सिरसा में वैकल्पिक मार्ग विकसित करे सरकार

**चंडीगढ़।** सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने सिरसा में चट्टरगढ़पट्टी फाटक पर बन रहे रेलवे ओवरब्रिज और कोर्ट रोड पर प्रस्तावित अंडरब्रिज के निर्माण कार्य के कारण शहर में बिगड़ती यातायात व्यवस्था को देखते हुए केंद्र सरकार, रेलवे मंत्रालय और हरियाणा सरकार से दो अस्थायी वैकल्पिक मार्ग तत्काल विकसित करने की मांग की है। सांसद कुमारी सैलजा ने शनिवार को जारी बयान में कहा कि निर्माण कार्यों के चलते शहर के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों को जोडने वाले प्रमुख मार्ग बंद होने से प्रतिदिन हजारों लोगों को परेशानी हो रही है। सारे हल्के और भारी वाहन नगर के बीच से होकर निकाले जा रहे हैं। ऐसे में भीड़, लंबा जाम, एंबुलेंस और आपातकालीन सेवाओं में बाधा तथा छोटे वाहनों के तंग गलियों से होकर गुजरने की मजबूरी जैसी समस्याएं लगातार सामने आ रही हैं।

## वकीलों पर बेंच हंटिंग और फोरम शापिंग के आरोप खारिज

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा बार काउंसिल ने गुरुग्राम स्थित रियल एस्टेट समूह एमअएम इंडिया के निदेशक रूप कुमार बंसल से जुड़े मामले में वकीलों के खिलाफ लगाए गए 'बेंच हंटिंग' और 'फोरम शापिंग' के आरोपों को खारिज कर दिया है। काउंसिल की विशेषाधिकार समिति ने विस्तृत जांच के बाद निष्कर्ष निकाला है कि किसी भी अधिवक्ता या मुवक्किल की ओर से किसी विशेष पीठ से लाभ लेने या किसी पीठ से बचने का कोई प्रयास नहीं पाया गया। समिति ने कहा कि सभी वापसियां, पुन दाखिल, लिस्टिंग प्रक्रियाएं और दायर आपत्तियां नियमित कानूनी प्रथाओं का हिस्सा थीं और इनमें किसी भी प्रकार की हेराफेरी या समन्वित प्रयास का प्रमाण नहीं मिला। जांच के दौरान समिति ने लिखित बयान, शपथपत्र, ई-मेल, व्हाट्सएप चैट सहित विभिन्न दस्तावेजों की गहन पड़ताल की, साथ ही वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से कई दौर की पूछताछ भी की। बार काउंसिल ने बीते महीनों में वकीलों और वादकारियों द्वारा कथित रूप से अनुकूल बेंच चुनने की प्रथा पर संज्ञान लेते हुए शिकायत आमंत्रित की थीं। प्रिविलेज कमेटी ने कहा कि कोई भी प्रभावित व्यक्ति या आमजन यदि ऐसी अनैतिक गतिविधियों की जानकारी रखता है, तो वह सबूतों सहित शिकायत दर्ज करा सकता है।

## लिटरेचर फेस्ट सीएलएफ लिटराटी का आयोजन 21 को : डॉ. मिश्रा

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ लिटरेरी सोसाइटी (सीएलएस) और फेस्टिवल डायरेक्टर डॉ.सुमिता मिश्रा ने सीएलएफ लिटराटी 2025 (चंडीगढ़ लिटफेस्ट) ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में 21 से 23 नवंबर तक आयोजित होने वाले आगामी सीएलएफ लिटराटी 2025 (चंडीगढ़ लिटफेस्ट) की घोषणा की। डॉ. मिश्रा ने बताया कि यह लिटरेचर फेस्टिवल सीएलएस द्वारा आयोजित किया जा रहा है और 21 नवंबर को उत्सव की शुरुआत के उपलक्ष में एक सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि लिटफेस्ट के दौरान साहित्यिक चर्चाएं 22-23 नवंबर को लेक क्लब में शांत सुखना लेक की पृष्ठभूमि में होंगी। डॉ. सुमिता मिश्रा ने कहा कि इस वर्ष साहित्य, विचारों और कल्पना के उत्सव का थीम 'वर्ल्डस विदइन वड्र्स' है। दो दिनों तक चलने वाले इंटरैक्टिव सेशंस में 27 लेखक, कवि, एड फिल्म निर्माता और कलाकार भाग लेंगे। इस उत्सव में पंद्रह (15) विचारोत्तेजक सत्र, चार (4) पुस्तक विमोचन और एक क्रिएटिव राइटिंग वर्कशॉप होगी। डॉ. मिश्रा ने आगे कहा कि हमने पूरे भारत और ऑस्ट्रेलिया के लेखकों की एक दिलचस्प सूची तैयार की है, जो समकालीन विमर्श को आकार देने वाले मुद्दों पर जाने-माने वार्ताकारों के साथ चर्चा करते नज़र आएंगे।



लाडो लक्ष्मी योजना की डगर आसान नहीं, लाभ देने के प्रयासों में तकनीकी खामियां

# महिलाओं का डाटा मैच नहीं हो रहा, परिवार पहचान पत्र व डोमिसाइल की शर्त से अड़चन

लांचिंग वाले दिन आवेदन करने वाली महिलाओं का ब्योरा भी अभी तक नहीं हो सका वेरीफाई

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

भले ही हरियाणा सरकार ने लाडो लक्ष्मी योजना को लेकर हरियाणा दिवस पर महिलाओं की पेंशन की शुरुआत कर दी है। लेकिन परिवार पहचान पत्र के आधार पर वेरिफिकेशन रास्ते की बाधा बन गया है। हरियाणा दिवस और उसके बाद में आवेदनों को लेकर वेरिफिकेशन नहीं होने के कारण विभाग के अधिकारी और कर्मचारी भी संकट के हालात में फंस गए हैं। पेंशन पाने के लिए लोग जिलों में जिला समाज कल्याण अधिकारियों और कर्मियों की जान खा रहे हैं। जबकि जो ऐप बनाई गई है, वो निजी कंपनी की ओर से संचालित की जा रही है। उनके पास में भी समस्या का निवारण नहीं हैं। वैसे, तो एक नवंबर को पांच मुख्यमंत्री की ओर से पांच लाख पात्रों को पेंशन दिए जाने की घोषणा की थी। तकनीकी पेंच होने के कारण इन आंकड़ों में भी गिरावट है, अर्थात सभी को पेंशन अभी तक भी नहीं मिल सकी है। लोग प्रदेशभर के सभी जिलों में जिला समाज कल्याण अधिकारियों, कर्मियों के साथ में उलझ रहे हैं। लेकिन इनका हल विभाग को भी नजर नहीं आ रहा। दूसरी तरफ विभिन्न वार्डों और एरिया से पार्षद व सरपंच लगातार पेंशने देने के मामले जिलों में विभाग के पास भेज रहे हैं।

### काल सेंटर पर फोन करने से भी नहीं हो रहा समाधान

भरोसेमंद सूत्रों का कहना है कि राज्य सरकार के विभागीय आला अफसरों ने जो ऐप लाडो लक्ष्मी के लिए दी है, वो भी थर्ड पार्टी अर्थात बाहरी निजी एजेंसी संचालित कर रही है। अहम बात यह है कि लाभपात्र जिस काल सेंटर पर काल करते हैं, वहां से कोई खास रिस्पांस नहीं आ रहा है। टरकाऊ जवाब दिए जा रहे हैं। काल सेंटर पर काल करने वालों को टका सा जवाब मिल रहा है, अपनी एप चेक करो अथवा आपका ब्योरा वेरीफाई किया जा रहा है। आपके पेंशन मामले में प्रक्रिया जारी है, इसके बारे बाद में पता करना। अर्थात आए दिन रटे रटाए जवाब मिल रहे हैं। कुल मिलाकर पेंशन पाने के लिए धक्के खाने वालों का कहना है कि परिवार पहचान पत्र उनके रास्ते की बाधा बन गया है।बिना पीपीपी और डोमिसाइल के जहां पेंशन नहीं बनेगी वहीं, पीपीपी लगाते ही पेंशन लटकने के ज्यादा चांस हैं, क्योंकि उसमें पूरे परिवार की आय की तस्वीर साफ नजर आती है।

### एप भी बन रहा परेशानी का सबब

बार बार कामन सर्विस सेंटर और कंप्यूटर सेंटर चलाने वालों के पास में पेंशन का लाभ पाने के लिए महिलाएं और युवतियां धक्के खा रही हैं क्योंकि ये एप चलाने और कंप्यूटर फ्रेंडली नहीं हैं। कुल मिलाकर पेंशन तो अभी तक मिली नहीं लेकिन आए दिन इसके लिए खर्च कर रहे हैं। इस बारे में काफी परिवारों ने मुख्यमंत्री, जिला उपायुक्तों, एडीसी को शिकायत भी की हैं। एक लाख की आय शर्त और गरीब परिवारों को समझ नहीं आ रहा कि मामले में रास्ता कैसे निकलेगा। दूसरी तरफ पेंशन मामले में आवेदन देने के बाद में लोगों में अब मुफ्त बिजली कनेक्शन कटने और हैप्पी कार्ड आदि की सुविधा छिन जाने का डर है। हरियाणा में लाडो लक्ष्मी योजना को लेकर अधिकांश जिलों में तो वेरिफिकेशन की समस्या आ रही है। विभाग ने आवेदन करने के लिए सीपीएलओ (क्रीड पंचायत लोकल आपरेटर ) की ड्यूटी लगाई गई है। लेकिन आवेदन करने वाले उसके बाद भी तैयार नहीं हो रहे हैं।

### हाई लेवल पर चल रहा बैठकों का दौर, समाधान जल्द

हरियाणा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और उनके मुख्य प्रधान सचिव आरके खुल्लर, एसीएस जी अनुपमा लगातार बैठकों का दौर चला रहे हैं। इन बैठकों में योजना के तहत आवेदन लेने और पात्रों की संख्या बढ़ाने, लंबित मामलों का निस्तारण करने के लिए कहा जा रहा है। लेकिन समस्या का कोई भी निपटारा नहीं हो रहा है। जिस दिन से यह स्कीम लांच हुई है, एप में दस बदलाव किए जा चुके हैं। उसके बाद भी कोई हल नहीं निकल रहा है, इस कारण लाडो लक्ष्मी योजना का लाभ लेने में लोग गुरेज कर रहे हैं। आने वाले वक्त में पात्रों की संख्या बढ़ेगी, इसमें भी संदेह है।उधर, विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव जी अनुपमा से जब काल कर योजना के बारे में जानकारी मांगी गई और दिक्कतों के बारे में पूछना चाहा, तो उन्होंने फोन नहीं लिया।

**शुद्धिपत्र**

ICICI Bank

पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, निकट चाकली सर्कल, पुराना पादरा रोड, वडोदरा-390007
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, मुम्बई 400051

युग मार्ग (अंग्रेजी) और हरिभूमि (हिन्दी) में चण्डीगढ़, नई दिल्ली, रोहतक, हिसार और सिरसा के संस्करणों में 15 नवम्बर 2025 को प्रकाशित स्वर्ण नीलामी सूचना के विज्ञापन में कर्जदार का नाम समीर मसीह, ऋण नं. 214605003301 के संदर्भ में।

एतद द्वारा यह सूचना दी जाती है कि अनजाने में टाइप करने में त्रुटि की वजह से कर्जदार का नाम समीर मसीह के बजाये समीर अमासिह प्रकाशित हो गया था। कृपया सही नाम समीर मसीह पढ़ा जाए। सभी अन्य विवरण अपरिवर्तित रहेंगे।

दिनांक : 16.11.2025
स्थान : भिवानी, गुरूग्राम, हिसार, जीन्द, सिरसा, फरीदाबाद, फतेहाबाद

हस्ता/- प्राधिकृत हस्ताक्षरी
कृते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

| क्र. सं. | निविदा संख्या | कार्य का विवरण | निविदा खुलने कि तिथि समय | अनुमानित लागत रुपये | धरोहर राशि रुपये | कार्य पूरा करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | OT-22/ 2025-26 | एस & टी वर्क इन कनेक्शन विद (i) प्रोविजन ऑफ सेकंड लूप लाइन एट गुरने (जी. आर. एन.) स्टेशन ऑफ अंबाला डिवीजन (ii) प्रोविजन ऑफ (पी. क्यू. आर. एस.) मशीन साइडिंग एट गुरने (जी. आर. एन.) स्टेशन ऑफ अंबाला डिवीजन। | 10.12.2025 at 15.00 hrs. | Rs. 2,34,63,234.88/- | Rs. 2,67,300/- | 180 दिन |

नोटः- वरि. मंडल सिग. एवं टेली. इंजी./उ.रे., डी.आर.एम. ऑफिस, रेल विहार, अम्बाला छावनी के द्वारा इच्छुक निविदाकारों से उपरोक्त संदर्भित कार्यों हेतु खुली निविदा दशार्यी गयी तिथि अनुसार 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदाकारों के द्वारा सभी आवश्यक दस्तावेज की स्केन प्रतिलिपि अपलोड करें। 1. टैन्डर डाकूमैंटस व निविदा सूचना की विस्तृत जानकारी के लिए रेलवे बेबसाईट www.ireps.gov.in पर लाग ऑन करें। 2. निविदाकारो को ई–टेण्डरिंग में भाग लेने के लिए उनके पास क्लास-III डिजीटल सिगनेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए तथा उन्हें उपरोक्त साइट पर रजिस्टर्ड होना आवश्यक है। निविदाकारो से निवेदन है कि टैन्डर नोटिस और टेन्डर डाकूमेन्टस में दी गई हिदायतों/शर्तों इत्यादि को टैन्डर डालने से पहले भली भांति पढ़ ले।

सं.: एस. डब्लू/सिग/अंबाला/एन.आई.टी-10/2025-26 दिनांकः 14.11.2025 3554/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## खबर संक्षेप

### हथियार सप्लाई करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**करनाल।** असंध क्षेत्र में मेडिकल स्टोर पर हुई फायरिंग के मामले में पुलिस ने हथियार सप्लाई करने वाले आरोपी को पकड़ा है, जबकि दूसरे मामले में निर्माणाधीन मकान में चोरी की कोशिश के दौरान चौकीदार पर हमला करने वाला युवक भी पुलिस की गिरफ्त में आया है। आरोपी के खिलाफ पहले भी लगभग 15 आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें दंगा, मारपीट, धमकी, चोरी, एनडीपीएस और आर्म्स एक्ट जैसे मामले शामिल हैं।

### चौकीदार पर हमला करने का आरोपी पकड़ा

**करनाल।** एक निर्माणाधीन मकान में चोरी का प्रयास करते हुए चौकीदार पर हमला करने वाला सेक्टर-16 निवासी हर्ष गिरफ्तार किया गया है। घटना 28 अक्टूबर की रात की बताई जा रही है। आरोपी लोहे के सरिये चुराने की कोशिश कर रहा था। चौकीदार ने उसे रोकना चाहा तो आरोपी ने डंडे से उसके सिर पर हमला कर दिया और मौके से फरार हो गया। थाना सिविल लाइन की पुलिस ने मुख्य सिपाही राजीव कुमार की अगुवाई में हर्ष को जाट भवन सेक्टर-12 के पास से पकड़ा। पुलिस ने उसके पास से हमला करने में इस्तेमाल किया गया डंडा भी बरामद किया।

### वाहन चोर गिरफ्तार बाइक बरामद

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेक्टर 56 की टीम ने कार्रवाई करते हुए वाहन चोरी के मामले में एक आरोपी साजिद को गिरफ्तार किया है। 31 अक्टूबर को उसने अपनी मोटरसाईकिल को घर के बाहर खडा किया था। जिसे कोई नामपता नामालुम चोरी करके ले गया जिस शिकायत पर थाना पल्ला में चोरी की धाराओं में मामला दर्ज किया गया। उन्होंने आगे बताया कि गुप्त सुत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा सेक्टर-56 की टीम ने साजिद वासी सेलाखड़ी फरीदाबाद को सेक्टर-56 एरिया से मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया है।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष** – नकारात्मकता के प्रभाव से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**वृष** – वाणी में सौम्यता रहेगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**मिथुन** – आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, परन्तु कार्यक्षेत्र में सचेत रहें। विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** – मन प्रसन्न रहेगा। आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, परन्तु कार्यक्षेत्र में सचेत रहें। विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है।

**सिंह** – आत्मविश्वास में कमी रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। वाहन सुख में वृद्धि हो सकती है।

**कन्या** – धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी, परन्तु स्थान परिवर्तन की सम्भावना भी बन रही है।

**तुला** – सन्तान के दायित्व की पूर्ति होगी। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। यात्रा लाभप्रद रहेगी। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। खर्चों की अधिकता से परेशान रहेंगे।

**वृश्चिक** – नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। खर्च बढ़ेंगे। मानसिक शान्ति के लिए प्रयासरत रहें। क्रोध से बचें। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

**धनु** – स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। आय वृद्धि होगी। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। धन की प्राप्ति होगी।

**मकर** – कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। शैक्षिक कार्यों के प्रति सचेत रहें।

**कुंभ** – कारोबार में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। किसी सम्पत्ति से धन प्राप्त हो सकता है। बातचीत में संयत रहें।

**मीन** – कारोबार के लिए यात्रा लाभप्रद रहेगी। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। परिवार से दूर जा सकते हैं।

**पुलिस की कार्रवाई से हड़कंप :** हरियाणा में अपराधियों के खिलाफ ऑपरेशन ट्रैक-डाउन

# 9 दिनों में 2000 से अधिक कुख्यात अपराधियों को सलाखों के पीछे पहुंचाया

**राज्य में अब अपराध और अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं**

*डीजीपी ओपी सिंह ने एक बार फिर दोहराया है कि हरियाणा पुलिस 'ऑपरेशन ट्रैक-डाउन' को पूरी सख्ती और निरंतरता के साथ जारी रखेगी, जब तक राज्य से अपराध का पूरी तरह से सफाया नहीं हो जाता।*



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा राज्य में अपराधियों के खिलाफ एक बड़े और निर्णायक अभियान के तहत, हरियाणा पुलिस का 'ऑपरेशन ट्रैक-डाउन' मिशन अब तक की सबसे बड़ी सफलताओं में से एक बनकर उभरा है। इस राज्यव्यापी अभियान ने मात्र 9 दिनों में ही अपराध जगत में हड़कंप मचा दिया है। इस दौरान, पुलिस ने गंभीर अपराधों में वांछित, फरार और इनामी अपराधियों पर शिकंजा कसते हुए 2,000 से अधिक अपराधियों को जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया है। इस सफलता ने साफ कर दिया है कि हरियाणा में अब अपराध और अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं है।



### अंतरराज्यीय अपराधी भी भेजे गए जेल

आई जी स्टेट क्राइम ब्रांच राकेश आर्य ने बताया कि 'ऑपरेशन ट्रैक-डाउन' मिशन ने अपराधियों को साफ संदेश दिया है कि हरियाणा में या तो अपराध छोड़ दो या जेल जाने के लिए तैयार रहो। सिर्फ 9 दिनों के इस अभियान में, पुलिस ने कुल 2165 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इसके अतिरिक्त, 438 कुख्यात और हार्डकोर अंतरराज्यीय अपराधी भी जेल भेजे गए है, जो चोरी, डकैती, हत्या के प्रयास जैसे जघन्य अपराधों में शामिल थे। 13 नवंबर 2025 तक, कुल 118 अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली गई है, जिसमें अकेले 13 नवंबर को 23 कुख्यात अपराधी शामिल थे। हिस्ट्रीशीट खोलने का उद्देश्य इन अपराधियों पर पुलिस की निरंतर और कड़ी निगरानी सुनिश्चित कर रही है।

### इनामी गैंगस्टर पर एसटीएफ का शिकंजा

इस अभियान के दौरान मिली सबसे बड़ी सफलताओं में से एक है स्पेशल टास्क फोर्स बहादुरगढ़ यूनिट की कार्रवाई, जिसने कुख्यात गैंगस्टर रोहित गोदारा गैंग के एक सक्रिय सदस्य, मनोज उर्फ चोटिया को धर दबोचा है। मनोज उर्फ चोटिया पर 10,000/- का इनाम घोषित था और वह नारनौल पुलिस स्टेशन में दर्ज हत्या के प्रयास सहित कई गंभीर मामलों में वांछित था। मनोज उर्फ चोटिया ने 05 दिसंबर 2024 को नारनौल अदालत परिसर में विरोधी गैंग के सदस्य अमित पर जानलेवा हमला किया था। जिसके बाद से ही एसटीएफ यूनिट बहादुरगढ़ उसकी तलाश में जुटी हुई थी। आरोपी की गिरफ्तारी 13 नवंबर 2025 को 'ऑपरेशन ट्रैक-डाउन' के तहत हुई। आरोपी पर आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज है और उसके खिलाफ पहले से ही अटेली और मांडवा पुलिस थानों में हत्या के प्रयास (धारा 307) सहित मारपीट और आपराधिक साजिश के कई गंभीर मुकदमे दर्ज हैं।

### हत्या का इनामी बदमाश राजस्थान में दबोचा

ऑपरेशन ट्रैक-डाउन' की सफलता केवल संगठित गिरोहों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह गंभीर व्यक्तिगत अपराधों में वांछित अपराधियों पर भी समान रूप से प्रभावी रहा है। सिरसा पुलिस ने एसपी दीपक सहारन के नेतृत्व में इस अभियान के दौरान, हत्या के मामले में पिछले करीब चार सालों से फरार चल रहे 5,000/- के इनामी बदमाश जोनी को गिरफ्तार किया। जोनी, जो गांव नथौर (रानियां थाना क्षेत्र) का निवासी है, अगस्त 2024 में दर्ज एक हत्या के अभियोग में वांछित था। यह अपराधी पुलिस से बचने के लिए लगातार अपनी पहचान और ठिकाने बदल रहा था, जिसमें राजस्थान, पंजाब और हरियाणा के विभिन्न क्षेत्र शामिल थे। सिरसा पुलिस की एवीटी स्टाफ, सिरसा के सब इंस्पेक्टर संदीप कुमार व उसकी टीम ने महत्वपूर्ण सूचनाओं और अथक प्रयासों के आधार पर उसे पड़ोसी राज्य राजस्थान से पकड़ने में कामयाबी हासिल की।



*करनाल में धान घोटाला: फर्जी गेट पास से हुई करोड़ों की हेराफेरी*

# दो दलाल गिरफ्तार मंडी सचिव फरार

*1.33 करोड़ क्विंटल खरीद पर संदेह, किसानों की आंदोलन की चेतावनी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

करनाल में धान की खरीद प्रक्रिया में एक बड़ा घोटाला सामने आया है, जिसमें करोड़ों रुपये के गबन का खुलासा हुआ है। पुलिस ने दो प्राइवेट दलालों को गिरफ्तार किया है और इसके साथ ही पूरे रैकेट का पर्दाफाश भी किया है, जिसका शक पहले ही किसानों और व्यापारी संगठनों को था। जांच में सामने आया है कि मंडी में धान आया ही नहीं था, लेकिन रिकॉर्ड में इसे खरीदी गई दिखाया गया। घोटाले के पीछे फर्जी गेट पास, डिजिटल हेराफेरी और दलालों व अफसरों के गठजोड़ की कहानी उजागर हो रही है।

### कैसे हुआ खुलासा!

घोटाले का पर्दाफाश सबसे पहले गेट पास प्रणाली में गड़बड़ी से हुआ। आमतौर पर गेट पास तभी जारी होता है जब ट्रक या ट्रॉली मंडी के गेट पर प्रवेश करती है। लेकिन पुलिस ने पाया कि कई गेट पास के आईपी पते मंडी परिसर से मेल नहीं खाते थे। कुछ एंट्रियां तो रात के समय की थीं, जब मंडी में कोई गतिविधि नहीं हो रही थी। इसके अलावा, कई गेट पास ऐसे उपकरणों से बनाए गए थे जो मंडी कार्यालय के सिस्टम से जुड़े नहीं थे। इन गेट पासों से संबंधित रिकॉर्ड में धान की आवक दिखाई जा रही थी। लेकिन मंडी के वजन तख्ते पर तुलाई का कोई रिकॉर्ड नहीं था।

**गिरफ्तारियां**

- अंकित व अंकुश (दलाल) फर्जी एंट्रियां करने का आरोप, हर एंट्री पर कमीशन लेते थे।
- पंकज तुली (सुपरवाइजर) दलालों को सिस्टम तक पहुंच दिलाई।
- आशा रानी (मंडी सचिव) मुख्य आरोपी, फरार; कई गेट पास उनके लॉगिन से जारी हुए।

# बच्चा नहीं होने से निराश दंपति ने मौत को गले लगाया

**सुसाइड नोट दोनों ने मर्जी से जान देने की बात लिखी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



धारूहेड़ा की संतोष कॉलोनी में किराए के मकान में रह रहे दंपति ने शनिवार को एक ही चुनरी से फंदा लगाकर जान दे दी। कमरे से एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें दोनों ने अपनी मर्जी से जान देने की बात लिखी है। पुलिस ने सीन ऑफ क्राइम टीम को मौके पर बुलाकर जांच शुरू कर दी। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवा दिया। मूल रूप से एमपी के बरपानी निवासी लगभग 25 वर्षीय राजकुमार धारूहेड़ा की एक कंपनी में नौकरी करता था। वह अपनी पत्नी 22 वर्षीय हाली के साथ किराए के मकान में रह रहा था। शनिवार को जब वह काफी समय तक कमरे से बाहर नहीं आया, तो पड़ोस में रहने वाले लोगों ने कमरे में झांककर देखा। दोनों के शव पंखे के हुक से लटके हुए थे। लोगों की सूचना पर धारूहेड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस को एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें दोनों ने अपनी मर्जी से जान देने की बात लिखी है। पुलिस ने सुसाइड नोट को एफएसएल भेजने का निर्णय लिया है।

**यमुनानगर: दो दिन पहले घर से लापता थे दोनों**

# हाइडल नहर के पावर हाउस की जालियों में अटका मिला प्रेमी जोड़े का शव

**कुछ दिन पहले हुई थी युवक की सगाई, युवती बना रही थी शादी का दबाव**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



दो दिन से लापता गांव ढाकवाला निवासी महक और गांव अर्जुन माजरा निवासी शुभम का शव शुक्रवार शाम को हाइडल नहर के नजदीक जालियों में अटका मिला। पुलिस ने गोताखोरों की सहायता से दोनों शवों को बाहर निकाला। दोनों के हाथ चुनरी से बंधे हुए थे। आशंका जताई जा रही है कि दोनों ने नहर में कूदने से पहले कोई जहरीला पदार्थ खाया था। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव ढाकवाला निवासी 23 वर्षीय महक और गांव अर्जुन माजरा निवासी 24 वर्षीय शुभम का आपस में प्रेम प्रसंग चल रहा था। जानकारी के मुताबिक लड़के की कुछ दिन पहले ही सगाई हुई थी। जिसको लेकर लड़की काफी परेशान थी और लड़के से शादी को लेकर दबाव बना रही थी। जिसको लेकर दोनों तनाव में थे। प्रेम विवाह में असफल हो जाने पर युवक और युवती ने एक साथ मिलकर नहर में छलांग लगाने की योजना बनाई। गत वीरवार को दोनों बाइक पर सवार होकर भूड कलां पुल के समीप पहुंचे। सड़क किनारे बाइक खड़ी की और दोनों ने चुन्नी से हाथ बांधकर हाइडल लिंक चैनल में छलांग लगा दी। पुलिस ने बाइक को कब्जे में ले लिया। युवक और युवती की तलाश शुरू कर दी। शनिवार सुबह लड़की के परिजन गोताखोरों को लेकर प्रताप नगर पहुंचे। गोताखोर अमर सिंह रामकेश 100 फीट गहरे बेगमपुर पावर हाउस के समीप शव की तलाश शुरू की। कुछ देर के शव बाहर निकल गए।

### हेरोइन तस्करी में मुख्य सप्लायर काबू



**फतेहाबाद।** सीआईए फतेहाबाद ने 16.25 ग्राम हेरोइन बरामदगी मामले में जुड़े मुख्य सप्लायर को भी गिरफ्तार किया है। इससे पहले पुलिस ने इसी मामले में एक युवक को मौके से काबू किया था। सीआईए फतेहाबाद प्रभारी उपनिरीक्षक वेदपाल ने बताया कि अपराध जांच शाखा के एएसआई बसंत सिंह व टीम भूना रोड पर गश्त कर रही थी, इसी दौरान शनि देव नर्सरी के पास संदिग्ध गतिविधि में घूम रहे एक युवक को रोका गया था। पुलिस को देखते ही युवक भागने लगा, लेकिन टीम ने तत्परता दिखाते हुए उसे मौके पर काबू कर लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम भारत पुत्र सुभाष चन्द्र निवासी गुरुनानकपुरा फतेहाबाद बताया। तलाशी में उसकी जेब से मोमी पाउच में 16.25 ग्राम हेरोइन बरामद हुई थी, साथ ही मोटरसाइकिल भी जब्त की गई थी। पूछताछ गहराई से करने पर भारत ने खुलासा किया कि वह यह हेरोइन उदयभान पुत्र राजेश कुमार निवासी वार्ड नं. 21, गुरुनानकपुरा मोहल्ला, फतेहाबाद से खरीदकर सप्लाई करता था।

# फैशन इंडस्ट्री में रितु इंसान के नाम दो इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

फैशन जगत में अपनी अलग पहचान बनाने वाली पब्लिक फिगर और फैशन एक्सपर्ट रितु इंसान ने दो बड़े रिकॉर्ड अपने नाम कर भारतीय फैशन इंडस्ट्री में नया इतिहास रच दिया है। यह कार्यक्रम भिवानी में आयोजित किया गया। यह जानकारी रोहित पुनिया ने दी। उन्होंने बताया कि इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज ये उपलब्धियां न सिर्फ उनके लिए बल्कि देशभर के फैशन इवेंट्स के लिए नए मानक साबित हो रही हैं। रितु इंसान के हाल ही में आयोजित फैशन शो में 3478 दर्शक मौजूद रहे। यह अब तक किसी भी भारतीय फैशन इवेंट में दर्ज की गई सबसे बड़ी दर्शक संख्या है। भीड़ का यह आकार रितु की लोकप्रियता और उनके इवेंट प्रबंधन कौशल का मजबूत प्रमाण माना जा रहा है।

### फैशन शो में सबसे ज्यादा मॉडल्स का भाग लेना

दूसरी उपलब्धि के रूप में रितु इंसान ने एक और रिकॉर्ड तोड़ा, जिसमें 848 मॉडल्स ने रैंप वॉक किया। इतनी बड़ी संख्या में मॉडल्स का एक ही शो में शामिल होना भारतीय फैशन इंडस्ट्री में पहली बार हुआ है। यह रिकॉर्ड विविधता, क्रिएटिविटी और रितु की टीम मैनेजमेंट क्षमता को दर्शाता है।

### फैशन को कला मानती हैं रितु

रितु इंसान का मानना है कि फैशन सिर्फ ग्लैमर की दुनिया नहीं, बल्कि एक ऐसी कला है जिसे समझकर और सीखकर हर व्यक्ति अपना भविष्य संवार सकता है। उनका उद्देश्य इंडस्ट्री को अधिक समावेशी, सुलभ और करियर-उन्मुख बनाना है।

### वीजा दिलवाने के नाम पर की गई थी धोखाधड़ी पुलिस ने ऑपरेटर को किया गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** साइबर थाना एनआईटी की टीम ने ठगी के एक मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एनएचपीसी कॉलोनी फरीदाबाद वासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह कनाडा जाने के लिए जॉब सर्च कर रहा था, तभी उसके पास व्हाट्सएप पर कॉल आया और उसका इंटरव्यू लिया और कहा कि एक महीने में वीजा लगवा देंगे, जिसके लिये पैसे देने होंगे। वीजा लेन के लिए उसने ठगों के बताये खाता में कुल 1,19,982 रूपए भेज दिये। जिसके बाद उसका ठगों से कोई सम्पर्क नहीं हो पाया। जिस शिकायत पर थाना एनआईटी में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। उन्होंने आगे बताया कि साइबर थाना एनआईटी की टीम ने कार्रवाई करते हुए फरमान खान निवासी बरेली उप्र को गिरफ्तार किया है। छताछ में सामने आया कि आरोपी फरमान खान, खाता ऑपरेट करता था। जिस खाता में ठगी के पैसे आये थे उस खाता की एटीएम कार्ड व डेबिट कार्ड उसके पास था और वह खाता से पैस निकलवाकर आगे देता था। आरोपी को माननीय अदालत में पेश कर 4 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।

### तीन महीने परेशान रहेंगे लुधियाना जाने वाले यात्री लुधियाना-जाखल-हिसार रूट की 7 ट्रेनें की रद्द



**फतेहाबाद।** जिले के जाखल व टोहाना क्षेत्र के व्यापारियों के अलावा ट्रेन में सफर करने वाले आम यात्रियों को अगले 3 महीने परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। दरअसल, लुधियाना रेलवे स्टेशन की रेल लाइन पर निर्माण कार्यों के चलते यहां पर रेलों के आवागमन में कटौती करने पड़ रही है। इस कारण फतेहाबाद जिले के जाखल रेलवे स्टेशन से होकर गुजरने वाली सात पैसेंजर ट्रेनों को रेलवे ने फिलहाल रद्द कर दिया है। रेलवे द्वारा जारी पत्र के अनुसार, ये ट्रेनें 1 दिसंबर 2025 से 23 फरवरी 2026 तक रद्द रहेंगी। बता दें कि जाखल रेलवे स्टेशन उत्तर भारत का एक प्रमुख जंक्शन है, जहां से सैकड़ों यात्री रोजाना ट्रेनें बदलते हैं। हिसार-लुधियाना रूट पर चलने वाली इन ट्रेनों के रद्द होने से यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ेगा। सर्दियों के मौसम में काफी संख्या में व्यापारी गर्म कपड़े खरीदने के लिए लुधियाना का रूख करते हैं।

## शब्द पहेली - 6049



**बाएँ से दाएँ**
1.शरीफ,नेकनीयत-5
4.जिसे सुनाई न दे-3
6.मां का भाई-2
7.एकमात्र,सिर्फ एक-3
8.अधिकार-2
10.सिर झुकाना-3
11.दुर्घटना-4
14.दूध फाड़कर बनाया जानेवाला पदार्थ-3
16.राजदार-4
17.राजा की पत्नी-2
18.बीज, वीर्य-2
19.मीठा पेय पदार्थ-4
21.पानी की बूंद-3
22.अवरोध,बाधा-4
24.मैला,अस्वच्छ-3
25.पानी,जल-2
27.पुत्र,लड़का-3
28.लाश,पार्थिव देह-2
29.थकावट-3
30.मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1.समाजवाद को माननेवाला अनुयायी-5
2.अस्थमा-2
3.राज्य,सल्तनत-4
4.तन,काया,देह-3
5.रास्ता,मार्ग-2
7.नखरा,भुगतान-2
9.डोली उठाने वाले-3
12.बिजली,विद्युत रश्मि-3
13.भद्रता,नेकनियत -4
15.कमल,पंकज-3
16.बुखरा,ज्वर ताप-4
17.आराम,मदद-3
18.घना वन-3
20.मन को भाने वाला -2,3
21.कथा,गाथा-3
22.कहासुनी-4
23.मनन करना-3
24.शराब-2
26.घोड़ागाड़ी-2
28.बढ़ावा देना-2

**शब्द पहेली-6048 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | रा | ह | ज | नी | ■ | फि | स | ल | ना | ■ |
| अ | ■ | क | हा | र | ■ | त | न | य | ■ | बु |
| ह | क | ■ | न | व | ■ | र | म | ■ | फ | न |
| म | म | ता | ■ | ता | क | त | ■ | चा | त | क |
| क | र | त | ब | ■ | म | ■ | त | ल | वा | र |
| ■ | ■ | ■ | ल | ह | र | दा | र | ■ | ■ | ■ |
| ला | व | ज | मा | ■ | बं | ■ | स | ह | ल | ज |
| ज | त | न | ■ | म | द | द | ■ | म | ग | न |
| वा | न | ■ | क | न | ■ | ह | म | ■ | न | म |
| ब | ■ | त | म | स | ■ | ली | ट | र | ■ | त |
| ■ | मे | ह | रा | ब | ■ | ज | र | ब | पल | ■ |

## सूडोकु नवताल - 6059

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 5 | | | | | | |
| 3 | | | | | | | | |
| | | | 6 | | | 7 | 4 | |
| 6 | | | 2 | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 8 |
| | | | 7 | | 5 | | | 3 |
| | 4 | 7 | | | 1 | | | |
| | | | | | | | | 6 |
| | | | | | | 5 | 2 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6058 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 9 | 2 | 6 | 8 | 5 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 6 | 7 | 4 | 5 | 9 | 2 | 3 |
| 7 | 5 | 2 | 3 | 9 | 1 | 6 | 4 | 8 |
| 1 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 | 3 | 9 |
| 6 | 4 | 3 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 1 |
| 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 5 | 2 | 1 | 6 | 8 | 7 | 3 | 9 | 4 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 3 | 4 | 1 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 4 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 5 |

